# इंडक्शन कार्यक्रम-2025 (नवप्रवेशित विद्यार्थी)
(30/07/2025)

उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर के पूर्व पत्र क्रमांक 574/187/आउशि/गु.प्र./2024 नवा रायपुर दिनांक 23/07/2024 के संदर्भ तथा अकादमिक कैलेण्डर 2025-26 के अनुसार महाविद्यालय 30/07/2025 मे नवप्रवेशित B.A./B.sc./B.com. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में श्री मिथिलेश यादव, सांसद प्रतिनिधि, मुख्य अतिथि एवं श्री प्रवीण राव, पार्षद कुम्हारी विशेष अतिथि के रूप मे आमंत्रित थे।

इंडक्शन कार्यक्रम निम्न रूप से संपादित हुआ :—

1) नवप्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थियों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

2) कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं राजगीत से प्रारम्भ हुआ जिसे महाविद्यालय की छात्राओं, सीमा, गायत्री, गंगोत्री एवं जया (तृतीयसेमेस्टर) के विद्यार्थियों द्वारा गायन किया गया एवं अतिथियों तथा प्राचार्य के करकमलों से यह कार्य सम्पन्न हुआ।

3) पौधे की सम्पलिंग के माध्यम से अतिथियों एवं प्राचार्य का स्वागत किया गया।

4) महाविद्यालय के बी.ए., बी.एस.सी एवं बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के एम्बेसडर (NEP एम्बेसडर नीति के आधार पर) विद्यार्थियों को बेज एवं ID के द्वारा मनोनयित किया गया।

5) मुख्य अतिथि श्री मिथिलेश यादव एवं पार्षद श्री प्रवीण राव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए, अध्ययन के मे किसी प्रकार की कमी हो उसमे मदद करने का आश्वासन दिलाया।

6) महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने प्रेरक उद्बोधन में महाविद्यालय की उपलब्धियों, सुविधाओं से अवगत कराते हुए निरन्तर कक्षाओं में उपस्थित होने हेतु विद्यार्थियों को निर्देश साथ ही इन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, उत्साह एवं उद्देश्य का पालन करने का सलाह दिया।

7) पूर्व में आयोजित यूथ रेड क्रास सोसायटी के अंतर्गत पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

8) राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यान्वयन प्रकोष्ठ के प्रभारी के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान, लाभ एवं इसके अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम की जानकारी जिसमें DSC, GEC, AEC, VAC, क्रेडिट एवं एक सेमेस्टर से दूसरे सेमेस्टर में प्रमोशन नियम की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। साथ ही सतत् आंतरिक मूल्यांकन के नियमों को विस्तृत रूप से समझाया।

9) महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ के द्वारा विभाग की जानकारी एवं विभिन्न समितियों की जानकारी प्रदान की जिससे विद्यार्थी विभाग क्रियाविधि एवं विभिन्न समितियों में अपने उत्तरदायित्व समझ सकें।

10) इस अवसर पर महाविद्यालय के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों क्रमशः रचना (NEP एम्बेसडर B.Sc. (Bio)), हीना (NEP एम्बेसडर B.A.) तथा साहिल सिन्हा (NEP एम्बेसडर B.Sc (Maths)) के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में अपने अनुभव एवं पाठ्यक्रम एवं कोर्स के संबंध में अपने विचार साझा किये।

Date

11) फीडबैक के क्रम में इंडक्शन प्रोग्राम में सम्मिलित B.com-1st sem. के विद्यार्थियों पालकों में श्री तरेन चन्द्राकर एवं कुमारी प्रतिभा भारती ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, सुविधाओं तथा सहज उपलब्धता के वजह से महाविद्यालय में प्रवेश दिलाया, उक्त कथन उन्होंने अपने फीडबैक में दिया।

12) प्रथम सेमेस्टर के B.com. प्रथम सेमेस्टर का विद्यार्थी सागर चन्द्राकर ने अध्यापन कार्य को श्रेष्ठ बताया साथ ही स्पोर्ट्स कि क्रियाविधि की में सहभागिता की जानकारी अपने फीडबैक में प्रदान किया।

13) कार्यक्रम के अंत में NEP cell संयोजक नेहा कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. मौसमी राय चौधरी के द्वारा सम्पन्न हुआ।

14) कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के माध्यम से हुआ।

NEP Cell
Incharge

प्राचार्य
स्व. बिन्देश्वरी बघेल शास. महाविद्यालय
कुम्हारी (दुर्ग)



माँ सरस्वती की वंदना



प्राचार्य एवं मंचस्थ अतिथिगण



तिलक लगाकर प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत



प्लांट सैंपलिंग द्वारा मुख्य अतिथि का सम्मान



माननीय प्राचार्य मैम का स्वागत



विशिष्ट अतिथि श्री प्रवीण राव का स्वागत

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शास. महाविद्यालय
कुम्हारी (दुर्ग)



बैच से सम्मान



NEP सेमेस्टर को बैच पहनाकर मनोनयन



बैच के माध्यम से मनोनयन



मुख्य अतिथि का उद्बोधन



प्राचार्य मैम का अध्यक्षीय उद्बोधन



NEP संयोजक द्वारा NEP के प्रावधान, पाठ्यक्रम की चर्चा

प्राचार्य
स्व. बिन्देश्वरी बघेल शास. महाविद्यालय
कुम्हारी (दुर्ग)




पाठ्यक्रम की जानकारी




सर्टीफिकेट वितरण



सर्टीफिकेट वितरण



प्राध्यापकों के द्वारा विभाग एवं समितियों की जानकारी प्रदान की गई








विभागीय एवं विद्यार्थियों से संबंधित समितियों की जानकारी प्रदान करते हुए प्राध्यापक


प्राचार्य
स्व. बिन्देश्वरी बघेल शास. महाविद्यालय
कुम्हारी (दुर्ग)




पारको मैत्री तारेन चन्द्राकर जी का फीडबैक



द्वितीय सेमेस्टर एम्बेसडर का फीडबैक





क्षेत्रीय समाचार पत्र में कार्यक्रम की सूचना

# जीवन का मूलमंत्र है उद्देश्य : डा. सोनिता

## स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ

**नईदुनिया न्यूज, कुम्हारी :** स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण, शैक्षणिक ढाचा और पाठ्यक्रमों से परिचित कराना था। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सोनिता सत्संगी ने कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास का माध्यम है। उन्होंने उद्देश्य, ऊर्जा व उत्साह को जीवन का मूलमंत्र मानते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।




आयोजन के दौरान प्रतिभागी कुम्हारी कालेज के नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं। • कालेज

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रवीण राव ने शिक्षा को जीवन की नींव बताते हुए नियमित अध्ययन पर बल दिया व महाविद्यालय के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। एनईपी सेल की संयोजक नेहा कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जानकारी दी। संचालन डा. मौसमी राय चौधरी व आभार नेहा कुमारी ने किया। सभी सहायक प्राध्यापकों व कार्यालयीन कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को अपने-अपने विभागों, विषयों व विभिन्न छात्र-सहायता समितियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बैच व पहचान-पत्र भी वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।



प्राचार्य डा. सोनिता सत्संगी • कालेज